Seventeenth Loksabha

an>

Title : Need to extend train numbers 19611/19612 and 19613/19614 from Ajmer to Amritsar via Ahmedabad.

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा): अध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया ।

महोदय, अहमदाबाद (वाया पालनपुर, महेसाणा) से अमृतसर के बीच कोई भी डायरेक्ट ट्रेन नहीं होने के कारण उत्तर गुजरात क्षेत्र (बनासकांठा, महेसाणा और पाटन जिला) के यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । महोदय, इस विषय के लिए पूर्व खान एवं कोयला राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री हरिभाई पारथीभाई चौधरी ने भी पत्राचार किया था ।

अध्यक्ष महोदय, क्षेत्र की जनता की इस वर्षों पुरानी मांग से अवगत कराते हुए हमारे क्षेत्र के कई संस्थानों ने पत्राचार के माध्यम से इस असुविधा के बारे में माननीय मंत्री जी को जानकारी प्रस्तुत की है । महोदय, यदि ट्रेन नंबर 19611 और 19612 अमृतसर से अहमदाबाद होते हुए चलाई जाए तो हमारे संसदीय क्षेत्र के साथ-साथ मेहसाणा और पाटन जिला के यात्रियों को भी अतिसुविधा होगी ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि ट्रेन नंबर 19611/19612 तथा 19613/19614 अजमेर से अमृतसर वाया अहमदाबाद होते हुए चलाई जाए ताकि उत्तर गुजरात क्षेत्र (बनासकांठा, महेसाणा और पाटन जिला) के यात्रियों को हो रही परेशानी दूर हो सके ।